भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1328

11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: आंदोलनकारी किसान

1328. श्री आनंद भदौरिया:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शंभू और खनौरी बार्डर पर बड़ी संख्या में किसान आंदोलन कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य मांगों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) क्या केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों ने विरोध कर रहे किसानों के नेताओं से मुलाकात की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम निकले तथा उनकी मांगों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): भारत सरकार ने दिनांक 8 फरवरी, 2024 को किसान आंदोलन से संबंधित किसानों के साथ चर्चा शुरू की थी। इसके बाद, 12, 15, 18 फरवरी 2024 और 18 जनवरी, 2025 को चर्चा हुई।

आंदोलनकारी किसानों और उनकी मांगों से संबंधित मुद्दे भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी विचाराधीन हैं और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समिति भी गठित की गई है।

किसानों के साथ चर्चा का अगला दौर दिनांक 14 फरवरी, 2025 को निर्धारित है।

*****